अध्याय

# 2 सादृश्यता परीक्षण

## Analogy Test

www.classroomnotes.in

*सादृश्यता का अर्थ होता है ' समानता' अर्थात् किन्हीं दो तत्वों का उनमें अन्तर्निहित गुणों के आधार पर परस्पर समान होना। इसके अन्तर्गत किन्हीं दो शब्दों, अक्षरों या अंकों के सम्बन्धों पर विचार करते हुए दिए गए विकल्पों में से ठीक एक शब्द, अक्षर या अंक ज्ञात करना होता है, जिसका सम्बन्ध तीसरे शब्द, अक्षर या अंकों के साथ स्थापित हो। इस प्रश्न के अन्तर्गत समानुपात चिह्न (: :) के पहले दो तत्व होते हैं जो आपस में किसी विशेष प्रकार से सम्बन्धित होते हैं। समानुपात चिह्न के पश्चात् एक तत्व और प्रश्नवाचक चिह्न (?) होता है। परीक्षार्थी को यह ज्ञात करना होता है कि दिए गए उत्तर विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है जैसा कि पहले दो तत्वों के बीच सम्बन्ध है?*

## सादृश्यता के नियम Rules of Analogy


प्रश्न में दिए गए तत्वों के अन्तर्निहित गुणों की जाँच करने हेतु सादृश्यता के नियमों की जानकारी होना आवश्यक है। जो *निम्नलिखित हैं*

### नियम I. आधारभूत सम्बन्ध




1 : 2 : : 3 : 4 में, 1 से 2 या 2 से 1 में जिस प्रकार का सम्बन्ध होगा, उसी प्रकार का सम्बन्ध 3 से 4 या 4 से 3 में होगा।

### नियम II. विकसित सम्बन्ध




1 : 2 : : 3 : 4 में, 1 से 3 या 3 से 1 में जिस प्रकार का सम्बन्ध होगा, उसी प्रकार का सम्बन्ध 2 से 4 या 4 से 2 में होगा।

### इन्हें स्मरण रखें!

*शब्दों पर आधारित प्रश्न में उनके मध्य अन्तर्निहित सम्बन्धों की जाँच करने हेतु कुछ प्रमुख निम्नलिखित शब्द-सम्बन्ध सादृश्यता की जानकारी भली-भाँति याद रखें*

- विपरीतार्थक शब्द-सम्बन्ध सादृश्यता **जैसे** जय-पराजय, जीवन-मरण आदि।
- समानार्थक शब्द-सम्बन्ध सादृश्यता **जैसे** अपराध-पाप, अवस्था-आयु आदि।
- पर्यायवाची शब्द-सम्बन्ध सादृश्यता **जैसे** गगन-अम्बर, धरा-धरणी आदि।
- पुल्लिग और स्त्रीलिंग शब्द-सम्बन्ध सादृश्यता **जैसे** राजा-रानी, नायक-नायिका आदि।
- देश और महाद्वीप शब्द-सम्बन्ध सादृश्यता **जैसे** भारत-एशिया, घाना-अफ्रीका आदि।
- देश और राजधानी शब्द-सम्बन्ध सादृश्यता **जैसे** चीन - बीजिंग, दिल्ली-भारत आदि।
- देश और राष्ट्रीय मुद्रा शब्द-सम्बन्ध सादृश्यता **जैसे** जापान-येन, चीन-युआन आदि ।
- देश और संसद शब्द-सम्बन्ध सादृश्यता **जैसे** अफगानिस्तान-शोरा, जापान-डायट आदि।

# साधित उदाहरण

**1.** बर्फ : पानी : : ठोस : ?
(1) द्रव (2) तत्व (3) पदार्थ (4) यौगिक (5) मिश्रण

**हल** *(1)* जिस प्रकार 'बर्फ' पिघलने पर 'पानी' में परिवर्तित हो जाता है, उसी प्रकार 'ठोस' पिघलने पर 'द्रव' में परिवर्तित हो जाता है।

**2.** जिस प्रकार 'आँख' का सम्बन्ध 'निकट दृष्टि' से है, उसी प्रकार 'दाँत' का सम्बन्ध किससे है?
(1) ट्रेकोमा (2) मोतियाबिन्द (3) पायरिया
(4) दूर दृष्टि (5) घेंघा

**हल** *(3)* जिस प्रकार 'आँख' का रोग 'निकट दृष्टि' है, उसी प्रकार 'दाँत' का रोग 'पायरिया' है।

**3.** ABCD : DCBA : : PQRS : ?
(1) RSPQ (2) SRPQ (3) QPRS
(4) SRQP (5) QRSP

**हल** *(4)* जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




# अभ्यास प्रश्न

**निर्देश** (प्र.सं. 1-10) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में चिह्न (::) के बाईं ओर दो शब्द दिये गये है; जिनमें आपस में एक प्रकार से कोई सम्बन्ध है, ठीक उसी प्रकार का सम्बन्ध चिह्न (::) के दाईं ओर दी गयी शब्द का तथा उसके नीचे दिये गए विकल्पों में से किसी एक शब्द के बीच में भी है, वही विकल्प शब्द आपका उत्तर है। सही उत्तर विकल्प को ज्ञात कीजिए।*

**1.** पायरिया : दाँत :: ट्रेकोमा : ?
(1) कान (2) नाक (3) आँख
(4) मुँह (5) जीभ

**2.** गाय : बछड़ा :: शेरनी : ?
(1) शेर (2) शेरू (3) पिल्ला
(4) शावक (5) बच्चा

**3.** बिल्ली : म्याँऊ :: घोड़ा : ?
(1) रेंकना (2) हिनहिनाना (3) दौड़ना
(4) दहाड़ना (5) भौंकना

**4.** अज्ञान : शिक्षा :: रोग : ?
(1) अस्पताल (2) परिचारिका (3) चिकित्सक
(4) औषधि (5) औषधालय

**5.** मोटरकार : गैराज :: वायुयान : ?
(1) गोदी (2) अड्डा (3) हैंगर
(4) वर्कशॉप (5) गोदाम

**6.** टका : बांग्लादेश :: येन : ?
(1) भारत (2) चीन (3) जापान
(4) म्यांमार (5) भूटान

**7.** आवेश : कूलॉम्ब :: प्रतिरोध : ?
(1) ओम (2) वोल्ट (3) एम्पीयर
(4) फराडे (5) हर्ट्ज

**8.** ओवल : लंदन :: पेंटागन : ?
(1) बर्लिन (2) लंदन (3) जकार्ता
(4) वाशिंगटन (5) पेरिस

**9.** दूध : मक्खन :: अंगूर : ?
(1) फल (2) दही (3) घी
(4) मदिरा (5) जल

**10.** हॉकी : भारत :: क्रिकेट : ?
(1) ऑस्ट्रेलिया (2) पाकिस्तान (3) कनाडा
(4) स्कॉटलैण्ड (5) चीन

**निर्देश** (प्र.सं. 11-15) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में शब्दों का एक जोड़ा दिया गया है तथा इसके साथ उत्तर विकल्पों के रूप में शब्दों के पाँच जोड़े दिए गए हैं। उत्तर विकल्पों में से आप शब्दों के उस जोड़े को चुनिए, जिनके बीच का सम्बन्ध दिये गये जोड़ के शब्दों के बीच के सम्बन्ध जैसा हो।*

**11.** न्यायालय : न्याय
(1) महाविद्यालय : पढ़ाई (2) अस्पताल : उपचार (3) संकेत : यातायात
(4) जेल : कैदी (5) प्रकाशक : लेखक

**12.** फूल : माला
(1) छाता : वर्षा (2) सेकण्ड : मिनट (3) फूल : वृक्ष
(4) ईंट : घर (5) बादल : तूफान

**13.** गैराज : मोटरकार
(1) सड़क : बस (2) पलंग : मरीज (3) अस्तबल : घोड़ा
(4) चारागाह : गाय (5) दूध : दही

**14.** क्रांति : परिवर्तन
(1) कार्य : वेतन (2) टहलना : स्वास्थ्य
(3) फ्लैग मार्च : डराना (4) समझौता : शांति
(5) चलना : फिरना

**15.** अमृत : विष
(1) उपकार : अपकार (2) गमन : आगमन
(3) योजन : आयोजन (4) अमीर : धनी
(5) कंजूस : दरिद्र

www.classroomnotes.in

**निर्देश** (प्र.सं. 16-20) *नीचे दिए गये प्रत्येक प्रश्न में दो शब्द दिये गए हैं, जिनके बीच एक निश्चित सम्बन्ध है। आप उत्तर विकल्पों में से एक ऐसे शब्द का चयन कीजिए जिसका तीसरे शब्द के साथ वैसा ही सम्बन्ध हो, जैसा कि प्रथम दो शब्दों के बीच दिया है।*

**16.** 'राजा' का जो सम्बन्ध 'रानी' से है, 'घोड़े' का वही सम्बन्ध किससे है?
(1) गाय (2) घोड़ी (3) जानवर
(4) गदहा (5) घोड़ागाड़ी

**17.** 'विचार' का जो सम्बन्ध 'मस्तिष्क' से है, 'बादल' का वही सम्बन्ध किससे है?
(1) साहित्य (2) कविता (3) पानी
(4) आसमान (5) बिजली

**18.** 'वाक्य' का जो सम्बन्ध 'शब्द' से है, 'पुष्प' का वही सम्बन्ध किससे है?
(1) वृक्ष (2) उपवन (3) माला
(4) पंखुड़ी (5) माली

**19.** 'Newspaper' का जो सम्बन्ध 'Press' से है, 'Cloth' का वही सम्बन्ध किससे है?
(1) Thread (2) Cotton (3) Tailor
(4) Mill (5) Custume

**20.** 'Labourer' का जो सम्बन्ध 'Wages' से है, 'Entrepreneur' का वही सम्बन्ध किससे है?
(1) Profit (2) Salary (3) Debt
(4) Bonus (5) Pay scale

**निर्देश** (प्र.सं. 21-25) *नीचे दिए गये प्रत्येक प्रश्न में चिह्न (::) के बाईं ओर अक्षरों/अंकों का दो वर्ग दिया गया है, जो एक-दूसरे से किसी प्रकार से सम्बन्धित हैं। चिह्न (::) के दाईं ओर अक्षरों/अंकों का एक वर्ग तथा एक प्रश्न चिह्न दिया गया है। आप उत्तर विकल्पों से अक्षरों/अंकों का एक ऐसा वर्ग ज्ञात कीजिए, जिससे दाईं ओर के दोनों वर्गों में भी वैसा ही सम्बन्ध हो जाय, जैसा सम्बन्ध बाईं ओर के वर्गों में है।*

**21.** ABCD : JKLM :: JKLM : ?
(1) STUV (2) RSTU (3) QRST
(4) PQRS (5) STUW

**22.** MNOP : NMPO :: PQRS : ?
(1) QPRS (2) QPSR (3) PQSR
(4) SPQR (5) QRPS

**23.** ACEG : BDFH :: JLNP : ?
(1) KOMQ (2) IKOM (3) KMOQ
(4) IKMO (5) MOKQ

**24.** 3 : 27 :: 6 : ?
(1) 45 (2) 108 (3) 36
(4) 216 (5) 328

**25.** 5 : 30 :: 10 : ?
(1) 100 (2) 90 (3) 110
(4) 100 (5) 120

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (3) | **2.** (4) | **3.** (2) | **4.** (4) | **5.** (3) | **6.** (3) | **7.** (1) | **8.** (4) | **9.** (4) | **10.** (1) |
| **11.** (2) | **12.** (4) | **13.** (3) | **14.** (4) | **15.** (1) | **16.** (2) | **17.** (4) | **18.** (3) | **19.** (4) | **20.** (1) |
| **21.** (1) | **22.** (2) | **23.** (3) | **24.** (4) | **25.** (3) | | | | | |

## संकेत एवं हल

**1.** जिस प्रकार, 'पायरिया' 'दाँत' का रोग होता है, उसी प्रकार 'ट्रेकोमा' 'आँख' का रोग होता है।

**2.** जिस प्रकार, 'गाय' के बच्चे को 'बछड़ा' कहा जाता है, उसी प्रकार शेरनी के बच्चे को 'शावक' कहा जाता है।

**3.** जिस प्रकार, 'बिल्ली' की बोली को 'म्याँऊ' कहा जाता है, उसी प्रकार घोड़ा की बोली को 'हिनहिनाना' कहा जाता है।

**4.** जिस प्रकार, 'शिक्षा' से 'अज्ञानता' दूर होती है, उसी प्रकार 'औषधि' से 'रोग' दूर होता है।

**5.** जिस प्रकार, 'मोटरकार' को रखे जाने वाले स्थान को 'गैराज' कहा जाता है, उसी प्रकार 'वायुयान' को रखे जाने वाले स्थान को 'हैंगर' कहा जाता है।

**6.** जिस प्रकार, 'टका' बांग्लादेश की मुद्रा है, उसी प्रकार 'येन' जापान की मुद्रा है।

**7.** जिस प्रकार, 'आवेश' का मात्रक 'कूलॉम्ब' है, उसी प्रकार 'प्रतिरोध' का मात्रक 'ओम' है।

**8.** जिस प्रकार, 'ओवल' लंदन में स्थित है, उसी प्रकार 'पेंटागन' वाशिंगटन में स्थित है।

**9.** जिस प्रकार, 'दूध' से 'मक्खन' बनता है, उसी प्रकार 'अंगूर' से 'मदिरा' बनता है।

**10.** जिस प्रकार 'हॉकी' भारत का राष्ट्रीय खेल है, उसी प्रकार 'क्रिकेट' ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रीय खेल है।

**11.** जिस प्रकार, 'न्यायालय' में 'न्याय' होता है, उसी प्रकार 'अस्पताल' में 'उपचार' होता है।

**12.** जिस प्रकार, 'फूल' से 'माला' बनता है, उसी प्रकार 'ईंट' से 'घर' बनता है।

**13.** जिस प्रकार, 'गैराज' में 'मोटरकार' को रखा जाता है, उसी प्रकार 'अस्तबल' में 'घोड़ा' को रखा जाता है।

**14.** जिस प्रकार, 'क्रांति' से परिवर्तन' होता है, उसी प्रकार 'समझौता से 'शांति' होती है।

**15.** जिस प्रकार, 'अमृत' शब्द का विलोम शब्द 'विष' होता है, उसी प्रकार 'उपकार' शब्द का विलोम शब्द 'अपकार' होता है।

**16.** जिस प्रकार, 'राजा' शब्द का स्त्रीलिंग 'रानी' होते हैं, उसी प्रकार 'घोड़ा' शब्द का स्त्रीलिंग 'घोड़ी' होता है।

**17.** जिस प्रकार, 'विचार' मस्तिष्क में पैदा होते हैं, उसी प्रकार 'बादल' आसमान में बनते हैं।


**18.** जिस प्रकार, अनेक शब्दों से वाक्य बनता है, उसी प्रकार अनेक पुष्पों से माला बनती है।

www.classroomnotes.in


**19.** जिस प्रकार 'Newspaper', Press में छपता है, उसी प्रकार 'Cloth', Mill में बनता है।

**20.** जिस प्रकार, 'Labourer' को 'Wages' मिलती है, उसी प्रकार 'Entrepreneur' को 'Profit' मिलता है।

**21.** जिस प्रकार,





उसी प्रकार,





अत: प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर STUV होगा।

**22.** जिस प्रकार,





उसी प्रकार,





अत: प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर QPSR होगा।

**23.** जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




अत: प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर KMOQ होगा।

**24.** जिस प्रकार,

$$(3)^3 = 3 \times 3 \times 3 = 27$$

उसी प्रकार,

$$(6)^3 = 6 \times 6 \times 6 = 216$$

अत: प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर 216 होगा।

**25.** जिस प्रकार,

$$(5)^2 + 5 = 25 + 5 = 30$$

उसी प्रकार,

$$10^2 + 10 = 100 + 10 = 110$$

अत: प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर 110 होगा।

www.classroomnotes.in